web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, सोमवार 22 अक्टूबर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-27

## 4 सैन्यकर्मी और 7 नागरिकों की मौत के बाद फिर भारी तनाव

### एक दिन में तीन बड़ी घटनाएं

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में रविवार को हुई अलग-अलग घटनाओं में कुल 16 लोगों की मौत हो गई। दक्षिण कश्मीर और जम्मू संभाग के पुंछ में रविवार को हुई तीन अलग-अलग घटनाओं में 7 स्थानीय नागरिक, 4 सैन्यकर्मियों की मौत हुई। इसके अलावा राजौरी और कुलगाम में हुए दो अलग-अलग ऑपरेशंस में 5 आतंकियों को मार गिराया गया। रविवार को हुई इन सभी घटनाओं के बाद से ही कश्मीर घाटी में तनाव का माहौल बरकरार है, वहीं अलगाववादियों की ओर से कुलगाम में 7 स्थानीय लोगों की मौत के विरोध में बंद का आह्वान किया गया है।

बता दें कि रविवार को कुलगाम जिले के लारनू गांव में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी, जिसमें सेना ने अपनी कार्रवाई के दौरान 3 जैश आतंकियों को मार गिराया था। इस मुठभेड़ के बाद स्थानीय लोग एक मकान के मलबे में लगी आग को बुझा रहे थे, जिस दौरान हुए ब्लास्ट में 7 स्थानीय नागरिकों की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस बारे में बयान देते



हुए कहा था कि लोगों को मुठभेड़ के बाद एनकाउंटर साइट पर जाने से मना किया गया था, लेकिन इसे ना मानकर कई लोग मुठभेड़ स्थल पर पहुंचे।

इसी बीच मलबे में दबे एक विस्फोटक में ब्लास्ट हुआ और इसमें 7 लोगों की मौत हो गई। इनमें 5 लोग ब्लास्ट के दौरान मौके पर ही मारे गए, जबकि 2 की श्रीनगर के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक कुलगाम में हुए ब्लास्ट के दौरान 40 से अधिक लोग घायल भी हुए, जिन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पतालों और श्रीनगर के महाराजा हरि सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**एलओसी पर 2 आतंकी ढेर, 3 जवान शहीद**

कुलगाम में हुई इस घटना के अलावा आतंकियों ने पुलवामा के त्राल में भी सुरक्षाबलों के एक कैंप पर हमला किया, जहां स्नाइपर राइफल से हुए हमले में एक एसएसबी जवान शहीद हो गया। इसके साथ ही राजौरी जिले में पाकिस्तानी आतंकियों की एक घुसपैठ को नाकाम करते हुए सेना के तीन जवान शहीद हो गए। इस कार्रवाई के दौरान सेना के जवानों ने 2 आतंकवादियों को एलओसी पर मार गिराया, जिसके बाद नियंत्रण रेखा और सीमा पर काफी देर तक तनाव की स्थिति बनी रही।

**मुठभेड़ की जगह पर ना जाएं स्थानीय लोगः एडीजी**

कुलगाम की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुनीर अहमद खान ने कहा कि हमने तमाम अपीलों के जरिए घाटी में कई बार लोगों से एनकाउंटर साइट पर ना जाने के लिए कहा था, लेकिन इसे ना मानकर लारनू में मुठभेड़ स्थल पर तमाम लोग इकट्ठा हो गए और इसी बीच हुए ब्लास्ट में कई लोगों की जान चली गई। खान ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हमारा आग्रह है कि लोग तब तक किसी भी मुठभेड़ स्थल के पास ना जाएं, जब तक कि जम्मू-कश्मीर पुलिस पूरी तरह से उसकी जांच ना कर ले।

**घाटी में तनाव के बीच बंद का ऐलान**

गौरतलब है कि कश्मीर घाटी में रविवार को हुई तमाम घटनाओं के बाद से ही तनाव का माहौल बना हुआ है। एक तरफ जहां घुसपैठ की आशंका में एलओसी और सीमा के तमाम हिस्सों में अलर्ट जारी किया गया है, वहीं दूसरी ओर कुलगाम में स्थानीय लोगों की मौत के कारण भी तनाव की स्थिति बनी हुई है। घाटी में हुई इन घटनाओं के बीच अलगाववादियों ने सोमवार को श्रीनगर और दक्षिण कश्मीर के जिलों में बंद का ऐलान किया है, जिसे देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने सभी प्रभावित जिलों में सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवानों की अतिरिक्त तैनाती की है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मेक्सिको में मजबूत होकर आगे बढ़ रहा है विला तूफान

मेक्सिको सिटी (आरएनएस)। मेक्सिको के निकट प्रशांत महासागर में रविवार को चक्रवात विला मजबूत होकर अत्यंत खतरनाक श्रेणी चार में तब्दील हो गया। इसकी वजह से मेक्सिको के पश्चिमी तट मजालत्न और प्यूर्टो वलार्ता में आने वाले दिनों में तूफान के दस्तक देने की आशंका है। अमेरिकी राष्ट्रीय चक्रवात केंद्र ने बताया कि यह तूफान काफी घातक साबित हो सकता है।

### कांगो में इबोला से मरने वालों की संख्या 200 हुई

किशांसा (आरएनएस)। लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो (डीआरसी) में इबोला से मरने वालों की संख्या बढ़कर 200 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी आकड़ों के हवाले से बताया कि बेनी और आस-पास के क्षेत्रों से इबोला के 200 पीड़ितों में से 117 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 61 लोगों को इलाज से लाभ मिल रहा है।

### पाकिस्तान में भयानक सड़क हादसा, 19 लोगों की मौत, कई जख्मी

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान के डेरा गाजी खान में गाजी घाट के पास रविवार को दो बसों की टक्कर में कम से कम 19 लोगों की मौत हो गयी और 40 से अधिक अन्य घायल हो गये।

### पुतिन और बोल्टन की मुलाकात तयः रूस

मास्को (आरएनएस)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के बीच होने वाली बहुप्रतीक्षित मुलाकात को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

### यमन में हवाई हमले में 45 हौती लड़ाकों की मौत

सना (आरएनएस)। सऊदी अरब के नेतृत्व वाली गठबंधन सेना ने यमन में दो अलग-अलग ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए, जिसमें हौती समूह के नेताओं समेत 45 लड़ाके मारे गए।

### भाजपा की पश्चिम बंगाल में तीन बड़ी रथयात्राओं की तैयारी

नयी दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों और 2019 लोकसभा चुनावों को देखते हुए राज्य के पूर्वी हिस्सों में तीन बड़ी रथ यात्राएं निकालने की रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है ताकि मतदाताओं तक अधिक से अधिक पहुंच बनाई जा सके।

### डायन होने का आरोप लगा बुजुर्ग महिला की जीभ काटी

सासाराम (आरएनएस)। बिहार के रोहतास जिले के तिलौथु थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना प्रकाश में आई है। यहां अंधविश्वास में गांव के लोगों ने एक बुजुर्ग महिला की जीभ काट ली। गांव के कई लोगों ने पीड़ित महिला पर डायन होने का आरोप लगाया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि रेडिया गांव में एक बुजुर्ग महिला के डायन होने के शक पर गांव के ही तीन लोगों ने घर में घुसकर उनकी जीभ काट डाली और सिर पर लोहे के रॉड से प्रहार किया।

## दिल्ली में आज पेट्रोल पंप बंद, केजरीवाल ने केंद्र को कोसा

नई दिल्ली (आरएनएस)। केजरीवाल सरकार से पेट्रोल-डीजल पर वैट घटाने की मांग को लेकर दिल्ली के पेट्रोल पंप आज बंद हैं। दिल्लीवासियों को इससे खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में लोग दिल्ली बॉर्डर से सटे नोएडा, फरीदाबाद और गुड़गांव का रुख कर रहे हैं। इस बीच दिल्ली से सीएम अरविंद केजरीवाल ने पेट्रोल पंप मालिकों की हड़ताल को केंद्र प्रयोजित करार दिया है। केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि मेट्रो



सिटीज में दिल्ली में पेट्रोल के दाम सबसे कम हैं। उन्होंने वैट हटाने की मांग खारिज करते हुए केंद्र सरकार से टैक्स कम करने की मांग की।

केजरीवाल ने ट्वीट किया, पिछले चार सालों में पेट्रोल पर टैक्स मोदी जी ने लगाया है, हमने नहीं लगाया। मोदी जी टैक्स कम करें और जनता को राहत दें। हम मांग करते हैं की पेट्रोल डीजल को जीएसटी के दायरे में लाया जाए। केंद्र सरकार पेट्रोल डीजल को जीएसटी में क्यों नहीं ला रही? उन्होंने मेट्रो सिटीज में दिल्ली में पेट्रोल के दाम सबसे कम बताते हुए लिखा, चारों मेट्रो सिटीज में दिल्ली में पेट्रोल के दाम सबसे कम हैं। मुंबई में पेट्रोल के दाम सबसे ज्यादा हैं, लेकिन वहां के पेट्रोल पंप मालिक हड़ताल नहीं कर रहे।

## आरोपी फैंको मुलक्कल के खिलाफ बयान देने वाले फादर की संदिग्ध मौत

कोच्चि (आरएनएस)। केरल के चर्चित नन रेप केस के आरोपी बिशप फैंको मुलक्कल के खिलाफ बयान देने वाले फादर कुरियाकोस की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है।

**नन रेप केस**

कुरियाकोस की लाश सोमवार सुबह 10 बजे उनके जालंधर स्थित कमरे में मिली। बताया जा रहा है कि कुरियाकोस को लगातार धमकियां मिल रही थी और हाल ही में उनकी कार पर हमला भी हुआ था। गौर करने वाली बात यह है कि केरल हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद आरोपी फैंको मुलक्कल 17 अक्टूबर को ही जालंधर पहुंचा है। उसके जालंधर पहुंचने के 5 दिन के अंदर ही फादर कुरियाकोस की मौत हो गई. फादर कुरियाकोस की भाभी ने कहा कि फैंको की तरफ से कुरियाकोस को लगातार धमकियां मिल रही थीं. उन्होंने कहा कि इस मामले में उन लोगों ने पुलिस में केस भी दर्ज करवाया था।

## सीबीआई में घमासान से पीएमओ नाराज

### स्पेशल डायरेक्टर अस्थाना पर एफआईआर

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसी सीबीआई में शीर्ष अधिकारियों पर करप्शन के आरोप और तनातनी की खबरों से पीएमओ बेहद नाराज है। सरकार का मानना है कि जिस तरीके से टॉप अधिकारी एक-दूसरे के खिलाफ आरोप-प्रत्यारोप लगाने के बाद कार्रवाई तक करने लगे हैं, उससे गलत संदेश जा रहा है। सीबीआई के स्पेशल डायरेक्टर राकेश अस्थाना के खिलाफ जिस तरीके से एफआईआर की गई, उससे सरकार हैरान है। मालूम हो कि नए कानून के बाद अधिकारियों के खिलाफ केस करने से पहले इजाजत लेना जरूरी है।

सीबीआई इस समय अजब संकट से गुजर रही है। सीबीआई ने अपने ही स्पेशल डायरेक्टर और जांच एजेंसी में नंबर टू की हैसियत रखने वाले राकेश अस्थाना पर 3 करोड़ की रिश्वत का केस किया है। लेकिन मामला इतना भर नहीं है। इस केस से इतर इसमें सीबीआई के टॉप बॉस आलोक वर्मा और अस्थाना के बीच लड़ाई का ऐंगल भी है। सीबीआई ने अस्थाना पर मांस कारोबारी मोइन कुरैशी से 3 करोड़ रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। बता दें कि अस्थाना ही कुरैशी के खिलाफ जांच की कमान संभाल रहे थे। वहीं, अस्थाना ने उन पर लगे आरोपों को खारिज करते हुए सीधे सीबीआई चीफ पर उन्हें फंसाने का आरोप जड़ा है।

## अवैध संबंध के शक में पत्नी का किया मर्डर

### फिर लाश को कंधे पर लेकर पहुंचा थाने

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली स्थित कमला मार्केट इलाके के एक युवक ने पहले अपनी पत्नी की हत्या कर दी फिर उसकी लाश को लेकर थाने पहुंच गया। साथ में छोटी बेटी को भी गोद में लेकर गया। दरअसल, युवक ने अफेयर के शक में अपनी पत्नी की हत्या कर दी। हत्या के बाद 24 घंटे तक वह उस लाश के साथ घर पर ही बैठा रहा। इसके बाद उसने खुद को पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने अपनी 2 साल की बेटी के सामने ही पत्नी की हत्या की थी। आरोपी कामिल ने शुक्रवार रात पत्नी की हत्या की कर दी थी।




हत्या के बाद उसने अपनी बेटी को खाना खिलाया और सो गया। शनिवार दिनभर और रातभर वह लाश के साथ घर पर ही रहा। रविवार तड़के उसने लाश को एक बेडशीट में लपेटा, फिर उस लाश को कंधे पर रख कर दूसरे बाजू में बच्ची को उठाकर वह पुलिस थाने पहुंचा और सरेंडर कर दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि 24 घंटे तक आरोपी असमंजस में रहा कि उसे लाश को कहीं फेंक देना चाहिए या फिर उसे अपना जुर्म स्वीकार कर लेना चाहिए। आरोपी अपने परिवार के साथ कमला नगर मार्केट इलाके में एक बिल्डिंग की दूसरी मंजिल पर रहता है। अधिकारी ने बताया कि मृतका रेशमा की बॉडी जब पुलिस को मिली तब तक वह पूरी तरह नीली पड़ चुकी थी। कामिल ने पुलिस को बताया कि वह नशे में था और शुक्रवार को दो अन्य लड़कों से उसकी दोस्ती को लेकर उन दोनों के बीच झगड़ा हुआ और उसने अपना आपा खो दिया।

## सबरीमाला में महिलाएं नहीं कर सकीं प्रवेश

तिरूवनंतपुरम (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद पिछले पांच दिनों में कोई भी महिला सबरीमाला मंदिर में प्रवेश नहीं कर सकी और आज से भगवान अयप्पा मंदिर का द्वार एक महीने के लिए बंद हो जाएगा। अब तक दो पत्रकारों समेत सात महिलाओं ने मंदिर में प्रवेश करने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारियों के कड़े विरोध पर उन्हें प्रवेश किए बिना ही लौटना पड़ा.

रविवार को भगवान अयप्पा के श्रद्धालुओं ने तीन तेलुगु भाषी महिलाओं को मंदिर तक जाने वाली पहाड़ियों पर चढ़ने से रोक

### सबरीमाला में महिलाएं नहीं कर सकीं प्रवेश



दिया था. सुप्रीम कोर्ट द्वारा पिछले महीने 10 से 50 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं के भगवान अयप्पा के मंदिर में दर्शन पर लगी सदियों पुरानी रोक हटाने संबंधी फैसला देने के खिलाफ प्रदर्शनकारियों ने अयप्पा मंत्रोच्चारण करते हुए महिलाओं को पहाड़ी पर चढ़ने से रोक दिया.

जबकि पत्रकारों समेत कुछ अन्य महिलाओं ने भी मंदिर में प्रवेश करने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने उन्हें मंदिर से पहले ही मैदान में रोक दिया और कहा कि वे परंपरा को तोड़ने की अनुमति नहीं देंगे. इस मामले पर केरल बीजेपी ने केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग करते हुए विशेष विधानसभा सत्र की मांग की है. जबकि कांग्रेस ने एनडीए सरकार से अध्यादेश मांगा है.

## स्पेशल डायरेक्टर राकेश अस्थाना को दिए थे 3 करोड़

नई दिल्ली (आरएनएस)। हैदराबाद के बिजनसमैन सतीश बाबू सना की शिकायत के आधार पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के दूसरे नंबर के शीर्ष अधिकारी राकेश अस्थाना पर दर्ज एफआईआर में इस बात का दावा किया गया है कि उन्होंने सीबीआई स्पेशल डायरेक्टर को पिछले वर्ष लगभग तीन करोड़ रुपये दिए थे। बता दें कि अस्थाना पर आरोप है कि वह जिस मांस कारोबारी मोइन कुरैशी के खिलाफ एक मामले की




जांच कर रहे थे, उससे उन्होंने रिश्वत ली। बता दें कि मोइन कुरैशी से 50 लाख रुपये लेने के मामले में सना भी जांच के घेरे में था, इस मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी का नेतृत्व अस्थाना कर रहे थे। दावा किया गया है कि पिछले वर्ष डीएसपी देवेंद्र कुमार द्वारा की गई पूछताछ में दुबई के एक इन्वेस्टमेंट बैंकर मनोज प्रसाद ने उन्हें सीबीआई से उनके अच्छे संबंधों के बारे में बताया।

यही नहीं, इस मामले में यह भी बताया गया कि उनका भाई सोमेश उसकी इस केस से बाहर निकलने में मदद करेगा। सना ने कहा कि वह मनोज को लगभग दस वर्षों से ज्यादा वक्त से जानता है।

**नाम हटवाने के लिए मांगे थे पांच करोड़ रुपये**

गौरतलब है कि मनोज को एफआईआर दर्ज होने के अगले ही दिन यानी 16 अक्टूबर को सीबीआई के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था।

सीबीआई से की गई अपनी शिकायत में सना ने दावा किया है कि मनोज ने उसका नाम हटवाने के एवज में सीबीआई ऑफिसर को देने के लिए पांच करोड़ रुपये मांगे थे। उसने बताया कि तीन करोड़ रुपये दिए जा चुके थे जबकि दो करोड़ रुपये चार्जशीट फाइल करते वक्त उसे क्लीन चिट दिए जाने के साथ ही अदा करने पर बात हुई थी।

**लंदन स्थित उसके घर में रुके थे अस्थाना**

सना का यह बयान सीआरपीसी की धारा 164 के अंतर्गत मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज कराया गया, जो कि कोर्ट में भी मान्य होगा।